

अर्चिषा

2023-24

GOVERNMENT POSTGRADUATE COLLEGE FOR WOMEN

SECTOR-14, PANCHKULA

From Principal's Desk

प्यारी बच्चियों,

तन्दुरुस्त रहो,
मनदुरुस्त रहो।

आप जीवन के एक महत्वपूर्ण दौर में हैं। यह शिक्षा और तकनीक का दौर है। सोशल मीडिया और चैटजीपीटी आपको नई जानकारी देते हैं, कई कामों को सरल भी करते हैं परंतु यदि आप बिना सोचे-समझे इनका उपयोग करें तो ये आपकी मौलिकता को समाप्त कर देते हैं। बेटा, आप ऊर्जावान हैं। अपनी शक्ति का सदुपयोग कर के आप जीवन की दिशा व दशा दोनों बदल सकते हैं। मार्ग में अड़चनें भी आएँगी, उलझनें भी होंगी लेकिन अगर आप को अपने लक्ष्य को पाना है तो मज़बूती से आगे बढ़े चलो। याद रखो कि आप परमात्मा की अमूल्य कृति हो।अपनी मेहनत,लगन और समर्पण से आप ऊँची उड़ान भरो और नये मुक़ाम हासिल करो।

यह पत्रिका आपकी बहुमुखी प्रतिभा को मंच प्रदान करने का सर्वोत्तम माध्यम है।पत्रिका में संकलित प्रत्येक रचना सकारात्मक उर्जा का संचार करती है। महाविद्यालय-पत्रिका अर्चिषा का प्रकाशन महाविद्यालय परिवार के सामूहिक उद्यम का परिणाम है। इस सराहनीय प्रयास के लिए मैं अनेक बधाई व शुभकामनाएँ ज्ञापित करती हूँ।

हार्दिक शुभेच्छा के साथ,
आपकी अपनी,
ऋचा सेतिया
प्राचार्या.

सम्पादकीय

हमारी महाविद्यालयीय पत्रिका अर्चिषा के इस इ-अंक को आप सबको सौंपते हुए मैं अनुतोष का अनुभव कर रही हूँ। मैं साथी संपादक वृंद की हृदय से आभारी हूँ जिनके संयुक्त प्रयासों से पत्रिका इस प्रारूप को पा सकी है। इस सत्र की पत्रिका के आवरण व अंतिम पृष्ठ 'कन्या शिक्षा' तथा 'मेरे सपनों का महाविद्यालय' विषयों पर महाविद्यालय की छात्राओं की कल्पना के रंगों से रंगे-सजे हैं। ये सभी छात्राएं बधाई व स्नेह की पात्र हैं।

युवा पीढ़ी परिवर्तन व प्रगति की परिचायक होती है। आज के कुशाग्र, स्वावलंबी व आत्मनिर्भर युवा कहीं अधिक स्मार्ट, टैक-सैवी, प्रयोगशील, कौशल-प्रवीण, सचेतन व मुखर हैं जो विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। वे रोजगार के नए अवसरों का न केवल लाभ उठा रहे हैं अपितु डिजिटल युग में स्टार्टअप्स के ज़रिए नए रोजगार भी पैदा कर रहे हैं।

साथ ही हमारी युवा पीढ़ी के लिए यह अजब मुश्किलों भरा दौर है। जीवन को सुचारु और सुविधाजनक बनाने की कवायद में अजानते ही हम जीने को उत्तरोत्तर जटिल और दुरूह बनाते जा रहे हैं। आभासी दुनिया से मिलने वाला अधकचरा ज्ञान और अतिशय सूचनाओं का विस्फोट, भौतिकतावाद, आधुनिकता व फैशन की अंधाधुंध दौड़, माता-पिता की असाध्य अपेक्षाओं का बोझ, सब में सब जैसा होने का पीयर प्रेशर और नैतिक-अनैतिक के बीच की धुंधलाती, अर्थ खोती सीमा रेखाएं - इन सब से घिरी किशोर व युवा पीढ़ी स्वयं को नितांत एकाकी, उद्भ्रांत, किंकर्तव्यविमूढ़ व भयाक्रांत पाती है। इसी में संयुक्त परिवार का विघटन, स्नेहात्मक संरक्षण व मार्गदर्शन का अभाव, मी-टाइम के फेर में वी-टाइम को भूलते परिवार, वर्किंग माता-पिता की अनुपलब्धता और उसकी भरपाई के रूप में बच्चों की उचितानुचित सब मांगों की पूर्ति जैसे कारक मिलकर उन्हें अतिशय भावुक, कमज़ोर, असहाय और असुरक्षित बना देते हैं। किसी भी दबाव, आलोचना या प्रारंभिक असफलता को सहन न कर पाने के कारण वे गलत आसान विकल्प चुनते हैं। ये सब अंततः उन्हें मानसिक अवसाद, नशे, ब्लैकमेल और आत्महत्या जैसे आत्मघाती रास्तों की ओर ले जाता है।

बच्चे हमारी सबसे बड़ी पूंजी हैं। हम माता-पिता, शिक्षकों और परिवारजनों को समझना होगा कि एक सशक्त, स्वस्थ, आत्मविश्वासी, निडर व ओजस्वी युवा पीढ़ी तैयार करना हमारी जिम्मेदारी भी है और एक बेहतर समाज और संसार के लिए हमारा योगदान भी। इसके लिए हमें कबीर की सीख "गढ़ि-गढ़ि काढ़ै खोट; अन्तर हाथ सहार दे, बाहर बाहै चोट" पर चलना होगा। हमारे बच्चों को भी और अधिक मजबूत, जिम्मेदार, धैर्यशील व आस्थावान होने की आवश्यकता है ताकि अपनी असीमित ऊर्जा, उत्साह और हौसले को रचनात्मक व सकारात्मक दिशा में लगा सकें। कवि शैलेंद्र के शब्दों में कहें तो "आने वाली दुनिया का सपना" अपनी आंखों में सजाने वाली इस पीढ़ी को यह भी सीखने की ज़रूरत है कि "मुश्किलों से लड़ते भिड़ते जीने में मज़ा है"। हमारी नवपीढ़ी के लिए संदेश के रूप में मैं अपनी एक कविता साझा कर रही हूँ :

सफ़र तमाम अकेले ही
तय करने होते हैं ज़िन्दगी में
इसलिए बाहर गहराते अंधेरों पर
अन्दर की रोशनी को तरज़ीह देना।

सफ़र कोई रुकता नहीं कहीं कभी,

थक-हार कर चलना स्थगित न कर देना।
न पेड़ न छाया मिले कहीं पे गर
खुद अपने साए में पल भर ठहर लेना।

पेड़ों के पत्तों पे दीखने लगे पीलकाई जब
मन में बसन्त के सपने बुनने लगना
और जब बाहर बसन्त बौराए
तो झरते पत्तों वाले मौसम याद रखना।

लेने की अपरिहार्यता
और देने की दीनता सीखना।

सारी व्यथा हताशा मोहभंग के बीच भी
जीवन रहता है वाञ्छनीय और स्पृहणीय भी
कि ज़िन्दगी का, रिश्तों का
कोई सिरा आखिरी नहीं होता
कोई भंग अंतिम नहीं होता।

तरुणा
मुख्य सम्पादक
वरिष्ठ व्याख्याता,
अंग्रेजी विभाग.

English Section

Staff Editor
Dr. Sukriti Bhukkal

Student Editor
Mannat Verma

INDEX

Sr. No.	Topic	Name	Page No.
1.	Editorial	Dr. Sukriti Bhukkal	4
2.	My First Day in College	Shruti	5
3.	To My Mom and Dad	Mamta	5
4.	Riddles	Aradhana Rana	5
5.	Artificial Intelligence	Rimsha	6
6.	Relationships-Equity Theory	Pooja Sharma	6
7.	Interesting Facts about Exams	Reetika	7
8.	The Future of Information Technology	Isha	7
9.	Studying English in India	Komal	8
10.	Happiness	Navkiran	8
11.	Farewell, College Life	Neha	8
12.	Women's safety in India	Pooja	9
13.	Guess Who	Preeti	9
14.	Do You Know?	Prachi Chauhan	9

EDITORIAL

Machines may now perform jobs that have historically required human cognition thanks to artificial intelligence. Artificial intelligence (AI) has the ability to understand and mimic conversational language, solve problems, make decisions, and learn from unstructured data.It gained widespread notice when OpenAI released ChatGPT, a chatbot that processes natural language, in the fall of 2022. But artificial intelligence techniques have long existed in the computer world. You have already dealt with artificial intelligence if you have ever consulted a virtual assistant like Siri or Alexa, played chess against a bot, or even just browsed through your social media feed.

We still don't fully understand how AI will impact important concerns of ethics, equity, and data safety. We're still discovering how these technologies will fit into the education sector as it develops. Nonetheless, we have been able to already identify a number of crucial applications of AI in education. Ever since the inception of computer gaming, educators have acknowledged the importance of play-based learning and have employed educational computer games, such The Oregon Trail, which was first launched in 1974. Thanks to user-responsive programming, AI-powered games of today may provide tailored learning.Leaders in educational technology, including Carnegie Learning and Knewton, provide adaptable platforms that instantly alter the material and activities for students. Ongoing evaluation makes it possible to receive feedback right away and aids in systemic strategy modification. Adaptive learning approaches range from straightforward rule-based systems to intricate machine learning algorithms.Artificial intelligence tools can help teachers free up more time and energy to spend with students by automating tasks like planning, grading, and administrative tasks. This is a prevalent defense of utilizing AI in the classroom.In numerous higher educational institutions, chatbots assist students by answering questions about admissions, facilitating access to course materials and other resources, and sending out automated reminders. Alternative chatbots have the potential to facilitate idea generation, enhance writing abilities, and maximize students' study hours.Frequently specialized on a specific area like mathematics or language, intelligent tutoring systems replicate the one-on-one interaction of working with a human tutor. Khan Academy's Khanmigo tutoring system and the Duolingo program are two examples.

Although AI in education has great promise, its full potential can only be realized through responsible and informed adoption, guaranteeing fair access to high-quality education for everyone.

Dr. Sukriti Bhukkal
Assistant Professor in English

My First Day in College

The anticipation buzzed in the air as I stepped onto the campus grounds of Govt. College for Women, Panchkula, my heart racing with excitement and nerves on my first day of college. As I navigated through the corridors, a mixture of awe and anxiety filled me.

Amidst the sea of unfamiliar faces, I found comfort in meeting new friends, all embarking on this journey together. The lectures and orientations introduced me to the academic route that lay ahead, that sparked a sense of curiosity and eagerness to learn.

Every corner held the promise of discovery, and every interaction offered the opportunity to create lasting friendships. Though the day was filled with uncertainties, it marked the beginning of an adventure in which I would grow, learn, and ultimately discover the person I was meant to become.

Name: Shruti
Class: BA I

To My Mom and Dad

The most beautiful feeling when you enter your home and shout "Ma" or "Mummy" and you see your mom that one look, that one voice makes everything alright always.

I never hugged my parents and never said, "I love you Mom and Dad". I never expressed my feelings in front of them, may be I'm too shy for this but God Knows how much I secretly pray for them.

Name:Mamta
Class: B.A. III

Riddles

Q.1 A cowboy rides into town on Friday. He stays three days, then rides out of tour on Friday. How?
Ans. The horse name is Friday.
Q.2. What is half of two plus two?
Ans. Three
Q.3. People buy me to eat, but never eat me, what am I?
Ans. Plate
Q.4. You see me once in June, trice in November, and not at all in May. What am I?
Ans. The letter E.
Q.5. I shoot but never kill, what am I?
Ans A camera.
Q.6. What has 2 banks but no money?
Ans River
Q.7. Which day of the week should be the best to try an egg?
Ans. Friday.
Q.8. What age is not less or more?
Ans Average
Q.9. What does not get hurt when falls?
Ans Rain
Q.10. I am a bird, I am a fruit and I am a person. Who am I?
Ans Kiwi
Q.11. I am easy to lift but hard to throw, what am I?
Ans A feather
Q. 12. Why Rohit Sharma will not play first match of IPL 2024?
Ans Because 1st match is between. CSK and RCB.

Name:- Aradhana Rana
Class- B.A. II

Artificial Intelligence

If assessment is starting to rule your life, try these top tech tools to case your workload……

Meaningful Assessment:- is key to learning and progress knowing what students achieve and gaining valuable feedback allows to plan their next steps. But let's not kid ourselves, it can be a laborious job- many teachers would bite your arm off for quicker and easier ways to carry it out. The good news is that technology can help. Now, we're not talking robotic feedback with bland, general statements-there are a number of programs that can be used. Here are just a few-

1. **Evidencing Learning**: This is a big part of assessment, so try using a tablet's built- in video camera to record activities such as drama or speaking and learning. Playing the video back allows for closer examination and analysis. I often spot things doing, correcting mistakes as they are spotted or adding comments or suggestions. Reviewing work and tracking progress has never been so easy. The work can be easily shared on Google Docs, giving students a wider audience and a chance to read and correct their accomplishments.
2. **Creating Tests and Quizzes:-** Putting tests together and making them by hand in hard-time consuming work. Type form is a website/app that is perfect.For this sort of activity you can make quizzes, questionnaires and tests and send them to your classmates. Better yet, "Type form marks" the questions for you and gives you feedback and analysis for either your partners.
3. **Class Discussions:** A big part of assessment is tracing progress through constant, rapid feedback and discussions. So, get a class discussion going during a lesson. You may even find that students who are uncomfortable in speaking in front of whole class, will join in more when online on twitter.Another great website on which to hold class discussions, especially if you want to keep your class talks private, is 'TODAYS MEET', it lets you set up a classroom/chartroom where pupils can ask questions and able to support each other.

Name: Rimsha
Class: B.A. III

Relationships-Equity Theory

A fruitful tree always bend.
"People who care above their relations always bend"
In my words-Anything for example-fruit, food, money time respect if people have these things without any struggle without any compromise they don't respect all these things
The don't appreciate all those things they have.
If people have food, money then they waste.
And similarly, This world has caring people also put they are always termed, selfish by others.
P.O.V.- If you want that your love & time should be
Respected
Respect other's love and time first.

Name: Pooja Sharma
Class: B.A. III

Interesting Facts about Exams

Fact 1: According to a study, students who eat breakfast before an exam, perform better than those who don't; because eating a nutritious breakfast can help to improve focus and concentration during the exam.

Fact 2: The act of writing by hand, rather than typing on a computer, has been shown to improve retention and recall of information during exams.

Fact 3: Stress is not always a bad or negative thing. According to American Psychological Association, it is believed that stress helps you carry out tasks more efficiently and enhance your motivation. All you need is to balance your level of stress.

Fact 4: Seeing a tough exam gives you the same feeling .like being in a first fight.

Fact 5: When you say the word that " the exam is going to be tough", your mind prepares you to fail and some of us actually do. So, always say positive things before starting your exam like " I can do it."

Fact 6: An invigilator becomes an enemy when you want to cheat and becomes an awesome facilitator when you write the exam on your own.

Fact 7: Research has shown that studying for short periods of time but more frequently is more effective than cramming for long periods of time before an exam.

Fact 8: Students who listen to music while studying tend to perform worse in exams than those who study in silence. This may be because music can be distracting factor while studying.

Hope you can relate to atleast some points! Anyway, no matter how you Perform, you wouldn't be better than Sharmaji's son !!! He is in a completely different league.

Name:- Reetika
Class- B.A. II

The Future of Information Technology

During the ten thousand years of human civilization, we have covered a long distance after nuclear technology, Information Technology is the latest marvel of modern science. It has shaken the geographical boundaries and shattered commentional barriers and limits. It has revolutionized the very concept of 'human'. It has opened new frontiers and explored the unknown areas of human knowledge. Information technology will play a major role in setting new standards in human life. There was a time when news traversed at the pace of post horses. Now we have E-mail through which we receive written messages thousands of miles away within seconds. Computers have replaced human minds. The memories of computerized machines go beyond those of human minds. The internet technology has made our reach easier and conven ient to any kind of recorded source of knowledge.

The future of information technology has been joined to the immediate future of mankind. Be it peace or war; drought or floods; home or abroad, IT will continue playing a deciding moll in all works of life. The use of IT in hospitals, offices and the corporate world has made working more systematic and quick. A few computer discs can contain the knowledge and information of all our libraries. The misuse of IT can be disastrous. Hacking, jamming and wires infections have a lot of potential threats and mischiefs. Anyway, it depends on man how we use or abuse the vast powers and potentials of information Technology.

Name: Isha
Class: B.A. III

Studying English in India

Studying English in India has become increasingly crucial in today's globalized world. With English being the lingua franca of international communication, proficiency in the language opens up numerous opportunities for Indians both domestically and internationally.

In India, English is not just a language but a symbol of prestige and upward mobility. Many prestigious universities and schools across the country offer English language courses, catering to students from diverse backgrounds. These institutions provide comprehensive curriculums aimed at enhancing students' reading, writing, listening, and speaking skills in English.

Moreover, proficiency in English is often seen as a gateway to higher education and better job prospects. Many professional fields, such as IT, finance, and customer service, require fluency in English, making it an essential skill for career advancement.

Furthermore, studying English in India fosters cultural exchange and understanding. Through literature, media, and academic discourse, students gain insights into different cultures, perspectives, and ideas, enriching their worldview.

However, challenges such as access to quality education, regional disparities, and socioeconomic factors can hinder widespread English proficiency. Efforts to address these challenges, such as government initiatives and educational reforms, are essential to ensure equitable access to English education across India.

In conclusion, studying English in India is not just about learning a language; it's about empowerment, opportunity, and global connectivity. It equips individuals with the skills they need to thrive in an increasingly interconnected world.

Name: Komal
Class: M.A. (English) II

Happiness

Happiness is a radiant beacon in life, illuminating our paths with joy and contentment. It resides in the simple moments: a warm embrace, a shared laugh, or the beauty of nature. It's the feeling of gratitude for what we have and the anticipation of what's to come. Happiness springs from within, nurtured by love, kindness, and meaningful connections. It thrives in acts of generosity and in the pursuit of our passions. Though fleeting at times, its essence lingers, reminding us to cherish each moment and embrace the journey of life with open hearts and grateful souls.

Name: Navkiran
Class: BA I

Farewell, College Life

College life, a journey swift,
Filled with memories, our spirits lift.
Friends made, bonds strong,
In our hearts, you'll always belong.
Laughter echoing in halls,
Through triumphs, through falls.
Lessons learned, both big and small,
Cherished moments, we recall.
But now, the time has come to part,
With gratitude, we fill our heart.
Farewell, dear college, bittersweet,
In our memories, you'll forever beat.

Name: Neha
Class: BA III

Women's safety in India

Women's safety in India is a complex issue that demands urgent attention and action. Despite significant strides in various sectors, women continue to face numerous challenges related to their safety and security. Factors such as gender-based violence, harassment, discrimination, and societal norms contribute to the vulnerability of women in public spaces, workplaces, and even within their homes.

Efforts to address women's safety in India include legislative measures, awareness campaigns, and community initiatives. Laws have been enacted to criminalize offenses such as rape, sexual harassment, and domestic violence, aiming to provide legal recourse and protection to women. Additionally, awareness programs and education campaigns seek to challenge harmful attitudes and behaviours while empowering women to assert their rights and speak out against violence.

However, despite these efforts, much remains to be done to ensure women's safety comprehensively. Strengthening law enforcement, improving access to justice, enhancing public infrastructure, and promoting gender equality are crucial steps towards creating a safer environment for women in India. It requires collective action from government, civil society, communities, and individuals to create a society where women can live and thrive without fear of violence or harassment.

Name: Pooja
Class: BA I

Guess Who

1. Who wrote "To Kill a Mockingbird"?
   a) Ernest Hemingway
   b) Harper Lee
   c) J.K. Rowling

2 In which book series would you find the character Harry Potter?
   a) The Lord of the Rings
   b) Chronicles of Narnia
   c) Harry Potter

3. Which classic novel begins with the line, "It was the best of times, it was the worst of times"?
   a) Pride and Prejudice
   b) Moby-Dick
   c) A Tale of Two Cities

4. Who is the author of "The Great Gatsby"?
   a) F. Scott Fitzgerald
   b) John Steinbeck
   c) George Orwell

5. Which famous detective was created by Sir Arthur Conan Doyle?
   a) Sherlock Holmes
   b) Hercule Poirot
   c) Miss Marple

Answers:
1. b) Harper Lee
2. c) Harry Potter
3. c) A Tale of Two Cities
4. a) F. Scott Fitzgerald
5. a) Sherlock Holmes

Name: Preeti
Class: M.A (English) II

Do You Know?

Every day, two bulls fight in every person’s mind:
Positivity and negativity.
Do you know which one wins?
The one which you feed the most!

Name:- Prachi Chauhan
Class- B.A III

NCC

एकता और अनुशासन

राष्ट्रीय सेवा योजना

NATIONAL SERVICE SCHEME

हिन्दी अनुभाग

प्राध्यापक सम्पादिका
डॉ. सुनीता रानी

छात्र सम्पादिका
रजनी

अनुक्रमणिका

क्र.म.	विषय	नाम	पेज नं0
1.	सम्पादकीय	डॉ0 सुनीता रानी	11
2.	कॉलेज के दिन	रजनी गोयल	12
3.	पहेलियाँ	माया	12
4.	कुछ अधूरे सपने	कोमल	13
5.	खुशियाँ	शालिनी	13
6.	मेहनत वाला तीर	हेमा शर्मा	13
7.	चिड़िया और मधुमक्खी	सरस्वती	13
8.	ज़िंदगी	माफी शर्मा	14
9.	मेंढक का मेंढक	इसराना	14
10.	महिला अधिकार	पायल	15
11.	चतुर किसान	सुगंध	15
12.	ज़िंदगी	भारती भगल	15
13.	सच्चा ज्ञान	मुस्कान	16
14.	प्रयास करो तमाशा मत देखो	प्रिया	16
15.	हा.. हा.. हा..	रजनी	16
16.	मोबाइल फोनः वरदान या अभिशाप	कामना	17
17.	रूखसती एक अनकही कहानी	अंजली	17
18.	पहेलियाँ	शालिनी	18
19.	सुविचार	रिया	18

सम्पादकीय

चरित्र मुनष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। अच्छा आचरण एक साधारण मानव को भी पूजनीय बनाता है। जीवन में धन, बल व शरीर के खत्म हो जाने पर भी मनुष्य को कुछ नहीं बिगड़ता परन्तु समाज में जिसका एक बार चरित्र गिर गया, उस प्राणी के पास कुछ भी शेष नहीं बचता। मानव–चरित्र किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व, नैतिकता और आचरण का सम्मिश्रण होता है। उसके आंतरिक गुणो, विश्वासों और मुल्यों का प्रतिनिधित्व करता है। अच्छे चरित्र में उदारता, विनय–भाव, धैर्य, सच बोलना, वचन का पालन करना, कर्तव्य–परायणता इत्यादि गुण पाये जाते है। ज्ञान आपको शक्ति देगा, लेकिन चरित्र हमेशा सम्मान करवाएगा। सभी धर्मों में व्यक्ति को चरित्र को बनाए रखने की प्रेरणा दी जाती है। चरित्र मनुष्य को उसके जीवन में प्रतिष्ठा दिलाता है। सही मायने में देखा जाए तो किसी भी व्यक्ति की पहचान उसका चरित्र होता है। इसलिए हमें अपने चरित्र को ही इतना सशक्त बनाना चाहिए कि अगर आपके चरित्र पर कोई उंगली उठाए तो आपसे पहले समाज के अन्य लोग उसे चुप करवा दे, उस पर यकीन न करे। वस्तुतः आज हमें अपने चरित्र को बनाए रखने की परम आवश्यकता है। आज हम एक ऐसे युग में जी रहे है जहां नैतिक मूल्यो का ह्रास हो रहा है। चरित्र–निर्माण केवल व्यक्तिगत विकास के लिए ही नहीं, बल्कि एक स्वस्थ और समृद्ध समाज के निर्माण के लिए भी आवश्यक है, इसलिए चरित्र–निर्माण को प्राथमिकता देना समय की मांग है। उन सभी छात्राओं का धन्यवाद जिन्होंने सृजन कार्य द्वारा पत्रिका में अपना योगदान दिया।

डॉ0 सुनीता रानी
प्राध्यापिका
हिन्दी विभाग

कॉलेज के दिन

कॉलेज के वो खूबसूरत दिन।
जिसमें लेक्चर लगाते सब गिन–गिन।।

वो टीचर का 5 मिनट तक क्लास में न आना।
और बच्चों का अपना बैग उठाके भाग जाना।।

कॉम्पीटिशन में नाम लिखवाना।
और बीमारी का बहाना कर छुट्टी मनाना।।

Assignment टाईम पर Submit न करवाना।
और फिर भाई–बहन की शादी के फसाने सुनाना।।

दोस्त अच्छे होते हैं ये सबने बताया।
पर मैंने तब जाना जब उन्होंने मुसीबत में साथ निभाया।।

कुछ टीचर्स बहुत ही खास होते हैं।
तभी तो उनसे दिल की हर बात होती है।।

टीचर्स के साथ फोटो एक खूबसूरत पल है।
यही टीचर्स हमारा आज और फल हैं।।

सुनीता मैम का प्यार और अपनापन।
भर देता है क्लास का खालीपन।।

वंदना मैम का रेगुलर क्लास लगाना।
मिल जाता डेली कॉलेज आने का बहाना।।

संगीता मैम का सी0सी0एल0 पर जाना
और हमारी खुशी का, ना रहता ठिकाना।।

तरूणा मैम का मुझे गले लगाना।
ऐसा लगा कि मिल गया हो जन्नत का खजाना।।

इन्हीं टीचर्स का मेरे ऊपर प्यार और विश्वास था।
तीन साल बीत गए क्योंकि इन्हीं का साथ था।।

कॉलेज के दिन बहुत ही जल्दी निकल गए। ऐसा लग रहा है आज आए और कल ही चल दिए।।

नामः रजनी गोयल
कक्षाः बी.ए. तृतीय वर्ष

पहेलियाँ

एक कहानी मैं कहूँ
सुन ले मेरे पूत,
बिन परों के उड़ जाऊँ
लो बांध गले में सूत।
(पतंग)
अंधेरे में बैठी है एक रानी
सिर पर है आग और तन में है पानी।
(मोमबत्ती)
काले घोड़े पर सफेद सवारी
एक उतरते ही दूसरे की बारी
(तवा और रोटी)
हरी थी मन भरी थी राजा जी के बाग में
दुशाला ओढ़े खड़ी थी।
(भुट्टा)
एक मुंह है और तीन है मेरे हाथ,
रहता नहीं कोई मेरे साथ।
गोल–गोल हूँ मैं रोज चलता,
सबकी थकान मैं हूँ मिटाता।
(पंखा)
वो सुबह से शाम तक आसमान की ओर देखती है,
और रात होते ही मुंह फेर लेती हैं,
बताओ क्या है?
(सूरजमुखी)
वह भिखारी नही, लेकिन पैसा मांगता है,
लड़की नहीं लेकिन पर्स रखता है।
पुजारी नहीं लेकिन फिर भी घंटी बजाता है।
(बस कंडक्टर)
कई लोगो को राह दिखाए,
कान पकड़कर लोगो को पढ़ाए।
साथ ही वे नाक भी दबाए
बताओ ये क्या कहलाए।
(चश्मा)
एक थाली है उल्टी पड़ी, फिर भी मोतियों से भरी,
फिरती है थाल चारों ओर, न मोती गिरे और न ही कोई शोर।
(आसमान और तारे)
लाल शरीर और काला मुँह है,
कागज वो खा जाता है।
हर शाम पेट खोलकर,
कागज कोई ले जाता है।
(पोस्ट बॉक्स)

नाम : माया
कक्षाः बी.ए. तृतीय वर्ष

कुछ अधूरे सपने

कुछ अधूरे सपने पूरे करने हैं, बेरंग–सी जिदंगी में इंद्रधनुष के सुदंर रंग भरने हैं।
सच्ची नियत, इरादे नेक आलसपन के पंख कतरने हैं।
कुछ अधूरे सपने पूरे करने है, ये सपने, सपने नहीं, जिदंगी का मुकाम है। जो चूक गए हासिल करने से, लगा हौसला, मिली हिम्मत, सपनों की उड़ान भरने में।
लगा जैसे सब हसीन ख्वाबों के झरने है, कुछ अधूरे सपने पूरे करने हैं
मेहनत खूब सारी, उम्मीदों की यारी
इस सबके हाथ पकड़ने हैं, कुछ अधूरे सपने पूरे करने हैं।
दोस्तों की आशा, अपनो का विश्वास दृढ से कुछ कर गुजरने की आस
सबके सब वादे पूरे करने हैं।
कुछ अधूरे सपने पूरे करने हैं
बचपन की खट्टी'–मिट्ठी गोली
सपनों संग आंख–मिचौली
न दिन का पता, न शाम की खबर
बस हसीन ख्वाब बने मेरे हमजोली
सपनो की गुल्लक में चवन्नी के सिक्के भरने हैं।
कुछ अधूरे सपने है जो पूरे करने हैं।

नामः कोमल
कक्षाः बी.ए. तृतीय वर्ष

खुशियाँ

काश मुसीबतों की भी लिमिट होती,
तो जिंदगी कितनी हसीन होती,
हर कोई खुश होता।
हर तरफ खुशीयां होती।
न कोई अमीर होता,, न कोई गरीब होता
तो ये जिंदगी कितनी बेहतरीन होती,
हर तरफ सुकून होता।
हर तरफ शांति होती, न कोई झगड़ा होता।
न कोई लड़ाई होती,
बस चारों तरफ प्यार की बौछार होती।
न कोई परेशानी होती, न कोई हैरानी होती।
तो ये जिंदगी कितनी महफूज़ होती।

नामः शालिनी
कक्षाः बी.ए. तृतीय वर्ष

मेहनत वाला तीर

मन इतना क्यों बहलाता है,
रोज–रोज एक ही बात कहता जाता है,
मंजिल भी मिल जाएगी,
रास्ते भी कट जाएंगे,
आज आराम कर लेते हैं,
कल से पक्का डट जाएंगे,
मेहनत की किताब के, हर पन्ने को रट जाएंगे,
कभी–कभी ज़हन में एक सवाल आता है,
क्या आलस एक मजबूरी है,
या दुखों की गहराईयाँ दिखाने के लिए
यह भी जरूरी है,
फिलहाल तो देख रहा हूं मंजिल को,
बैठा एक ही स्थान से,
और मन ही मन सोच रहा हूं,
कि किस दिन निकलेगा,
यह मेहनत वाला तीर कमान से,
तब तक कहीं छूट ना जाऊँ
पीछे इस जहान से,
पता नहीं कब निकलेगा, तीर कमान से।

नाम : हेमा शर्मा
कक्षाः बी.ए. तृतीय वर्ष

चिड़िया और मधुमक्खी

एक बार एक चिड़िया ने मधुमक्खी से पूछा कि तुम इतनी मेहनत से शहद बनाती हो और इंसान आकर उसे चुरा ले जाता है तो तुम्हें बुरा नहीं लगता तो इस पर मधुमक्खी ने बहुत ही सुंदर जवाब दिया– ''इंसान मेरा शहद तो चुरा सकता हैं लेकिन वो कभी मेरे शहद बनाने की कला नहीं चुरा सकता।'' छोटी–सी कहानी हमें सिखाती है कि कोई भले कितना भी चतुर क्यों न हो वह सिर्फ आपके काम की नकल कर सकता है लेकिन कभी भी वो आपके हुनर को नहीं चुरा सकता। इसलिए किसी से धोखा खाने या नुकसान उठाने के बाद हार मत मानिए। अपने हुनर के बल पर फिर से कोशिश कीजिए।

नामः– सरस्वती
कक्षाः– बी0ए0 तृतीय वर्ष

ज़िंदगी

अंर्तमन चीख–चीखकर कहता है,
ज़िंदगी कितनी खूबसूरत है।
अरे सोचो, जिंदगी बहुत खूबसूरत है
यह धरती रूपी कालीन
आसमां की चादर
प्राकृतिक संगीत गूँ–गूँ, चीं–चीं
तपता आग का गोला
मनमोहक शीतलता का पिटारा
कितना सुंदर बनाते है ज़िंदगी को
तभी आवाज आती है
कौन सी?
अरे आंतरिक आवाज
जिंदगी कितनी मनमोहक है
कितनी खूबसूरत हैं
प्यार, दुख, हंसी
चुप्पी, डर और विश्वास भी
ये भी इसका अहम हिस्सा है, जिंदगी का
अरे मूर्ख व्यंग, कटाक्ष कैसे छोड़ दिया
जो सफलता का अहम हिस्सा है
तभी कोई कहता है
जिंदगी कितनी खूबसूरत है
अरे मानो, जिंदगी खूबसूरत है
ना अंत ना आरंभ है
जिंदगी कितनी खूबसूरत है।
यदि चश्मा पहने
अब सोचोगे
फैशन वाला नहीं–नहीं–नहीं
सकारात्मकता तथा धीरज का
संसार अलग दिखेगा
सभी तत्व कुछ सिखाएँगे
तभी आत्मा कहती है
सुन, जिंदगी कितनी खूबसूरत है।
डर लगता है
इसमें बुराईयाँ है
कहीं कमल पर कीचड़ का दाग न लग जाए
अरे, अरे मैं बुराईयों से मुक्त नहीं हूँ
कुछ है, पर कम है
निश्चय है कमल डूबेगा नहीं
पर फिर भी डर है
डर में खुशी है
यही तो ज़िंदगी है
चलो आत्मा और हम मिलकर कहते हैं
ज़िंदगी कितनी खूबसूरत है।

नामः माफी शर्मा
कक्षाः बी.ए. द्वितीय वर्ष

मेंढक का मेंढक

एक मेंढक बड़ी उग्र तपस्या करने लगा। क्षुद्र प्राणी की इतनी प्रबल निष्ठा देखकर शंकर जी दयार्द्र हो उठे, उन्होंने उससे पूछा– ''वत्स तुझे कष्ट तो नहीं कुछ।''

मेंढक ने कहा–''भगवान! पड़ोस में एक दुष्ट सर्प रहता है जो मुझे भय देता रहता है। उससे ध्यान में विघ्न पड़ता रहता है। कोई ऐसा उपाय कीजिए जिससे मेरा भय दूर हो और निश्चित मन से तपस्या कर सकूँ।

शंकर जी ने मेंढक को साँप बना दिया। अब उसे कुछ भय न रहा, पर थोड़े दिन बाद एक नेवला उधर आने लगा। मेंढ़क को फिर भय उत्पन्न हो गया। मेंढ़क ने भगवान शिव का ध्यान किया तो वे प्रकट हो गए। कारण पूछने पर उसने नई व्यथा सुनाई। भगवान ने उसे नेवला बना दिया।

नेवला बना मेंढक सुखपूर्वक रहने लगा। अब एक वनबिलाव उधर आने लगा और नेवले की घात सोचने लगा। मेंढक ने यह व्यथा कही तो भगवान ने उसे वनबिलाव बना दिया।

कुछ दिन बाद सिंह की आँखे वनबिलाव पर लगी तो शिव जी की कृपा से उसे सिंह का शरीर प्राप्त हो गया। इतने पर भी चैन न मिला। शिकारी अपना जाल और धनुष संभाले सिंह की घात में फिरने लगे।

मेंढक ने दुखी मन से फिर शिव जी को पुकारा, जब वे पधारे तो उसने कहा ''प्रभु! मुझे मेंढक ही बना दीजिए।'' सिंह का शरीर छोड़कर पुनः उसी छोटे शरीर में लौटने की इच्छा करने वाले मेंढक से आश्चर्य पूर्वक भगवान शिव ने पूछा–'' भला ऐसा क्यों?''

शिक्षाः– भय कभी दूर नहीं होता और न बाधाएँ कभी समाप्त होती हैं। जीव जिस स्थिति में भी है, उसी में कठिनाइयों से साहस–पूर्वक लड़ते हुए आगे बढ़ सकता है।

नामः इसराना
कक्षाः बी.ए. प्रथम वर्ष

महिला अधिकार

जब हम भारत में महिला अधिकार के बारे में बात करते है तो हम यह याद रखें कि महिलाओं को अपने अधिकारों जैसे वोट देने का अधिकार, संपति के अधिकार, आंदोलन की स्वतंत्रता, उनके कानूनी अधिकार और कई अन्य अधिकारों के बारे में जागरूक होना चाहिए, जिसका अर्थ है– महिलाओं को अधिकार देना। महिलाओं को उनके आत्म–मूल्य, अपनी पंसद निर्धारित करने की, उनकी क्षमताओं का एहसास कराना और ऐसे समाज को आकार देना जहां महिलाएं अन्य मनुष्यों की तरह ही अपना सम्मान और अधिकारों का आनंद ले सकें।

प्राचीनकाल में भारतीय संस्कृति में महिलाओं को पुरूषों के बराबर माना जाता था और लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता था, इसके बजाय महिलाओं को समाज द्वारा सम्मानित किया जाता था, और उस समय समाज महिलाओं को जननी मानता था। जिसका अर्थ है माँ, हिन्दू धर्मग्रन्थों में भी नारी को देवी माना गया है। वे अपने पूर्ण बुनियादी अधिकारों का आंनद लेते थे। जहां वे शिक्षा प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र थे, उस समय ऋषियो की पत्नियां अपने पतियों के साथ आध्यात्मिक गतिविधयों में भाग लेने के लिए तैयार हो सकती थी। उस काल में स्त्रियों को भी पुरूषों के समान ही समान जीवन जीने को मिलता था। समय के साथ–साथ उनकी स्थिति भले ही बदल गई हो, लेकिन वैदिक युग में वे आदर्शो के पूर्ण रक्षक और संरक्षण के प्रतीक थे।

जैसे–जैसे समय बीतता गया, समाज बदलावों के साथ विकसित हुआ और किसी तरह महिलाओं को अपने अधिकारों और शक्तियों का आनंद लेने का मौका मिला, लेकिन यह समाज ही हर महिला के लिए उपलब्ध नहीं था। भारत मे ंमहिलाओं के अधिकारों के लिए जंग ईस्ट इंडिया कंपनी की शुरूआत में हुई। वे उस समय असाधारण रूप से बहादुर महिलाएं थी। जैसे बेगम हजरत महल, उदा देवी और अजीजुन बायल, उनमें से एक झांसी की रानी लक्ष्मी बाई भी है।

महिलाओं के अधिकार के लिए लड़ाई मानवाधिकारों की लड़ाई है। जैसे–जैसे समाज विकसित हो रहा है, लैंगिक समानता की वकालत जारी रखना महत्वपूर्ण है, न केवल महिलाओं के लाभ के लिए बल्कि पूरे समाज की भलाई के लिए।

वैसे तो महिलाओं को संविधान के द्वारा बहुत से अधिकार दिए गए है जैसे समानता का अधिकार, शिक्षा का अधिकार आदि, परन्तु इनका ठीक से पालन होना पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

नामः पायल
कक्षाः बी.ए. प्रथम वर्ष

चतुर किसान

एक बार एक किसान के पास एक बकरी, घास की एक गठरी और एक शेर था। उसे एक छोटी नाव पर एक नदी पार करनी थी। वह एक बार में उनमें से केवल दो को ले जा सकता था। किसान मुश्किल में था कि अगर वह पहले शेर को ले जाए तो उसकी अनुपस्थिति में बकरी घास खा जाएगी। यदि वह घास ले जाए तो शेर बकरी को खा जाएगा।

अतः में उसने सही समाधान ढूंढ लिया। उसने पहले बकरी को ले जाने की सोची और नदी के दूसरी तरफ छोड़ दिया। फिर वह दूसरे चक्कर में शेर को ले गया। वह शेर को छोड़कर बकरी को वापस ले आया। बकरी को इस किनारे छोड़कर वह घास की गठरी को साथ ले गया। वह शेर के पास घास छोड़ कर बकरी को लेने के लिए अंत में लौट आया। इस प्रकार वह बिना किसी नुकसान के नदी पार कर गया।

नैतिक शिक्षाः– छोटी–सी सूझबूझ भी जीवन में बहुत काम आती है।

नाम : सुगंध
कक्षाः बी.ए. प्रथम वर्ष

ज़िंदगी

रब ने नवाज़ा हमें ज़िंदगी देकरः
और हम शोहरत मांगते रह गएः
ज़िंदगी गुजार दी शोहरत के पीछेः
फिर जीने की मोहलत मांगते रह गये।
ये कफन ये जनाजे, ये कब सिर्फ बात है।
मेरे दोस्त, वरना मर तो इंसान तभी जाता है
जब याद करने वाला कोई न हो।
ये समंदर भी तेरी तरह खुदगर्ज निकला,
जिदां थे तो तैरने ना दिया
और मर गये तो डूबने ना दिया
क्या बात करें इस दुनिया की
हर शख्स के अपने अफसाने हैं
जो सामने है उसे लोग बुरा कहते हैं,
जिसको देखा नहीं उसे सब खुदा कहते हैं।।

नामः– भारती भगल
कक्षाः– बी0ए0 द्वितीय वर्ष

सच्चा ज्ञान

एक बाल–ग्वाल रोजाना अपनी गायों को जंगल में नदी किनारे चराने के लिए ले जाता था। जंगल में वह नित्य–प्रतिदिन एक संत के यौगिक क्रियाकलाप देखता था, संत आंखे और नाक बंद कर कुछ यौगिक क्रियाएं करते थे। एक दिन उससे रहा नहीं गया। उत्सुक्तावश उसने संत से यौगिक क्रियाओं के बारे में पूछ लिया। बाल–ग्वाल के सवाल पर संत ने जवाब दिया कि वह इस तरह से भगवान से साक्षात्कर करते हैं। संत के प्रस्थान करने के बाद ग्वाल भी यौगिक क्रियाओं को दोहराने लगा और इस बात का संकल्प ले लिया कि आज वह भगवान के दर्शन साक्षात करके ही रहेगा। ग्वााले ने अपनी दोनो आंखे बंद कर ली, और नाक को जोर से दबा लिया। श्वास प्रवाह बंद होने से उसके प्राण निकलने की नौबत आ गई, उधर कैलाश पर्वत पर महादेव का आसन डोलने लगा। शिव ने देखा कि एक बाल–ग्वाल उनसे साक्षात्कार करने के लिए कठोर तपस्या कर रहा है। उसके दृढ निश्चय को देखकर शिव प्रगट हुए और बोले, ''वत्स मैं तुम्हारी तपस्या से प्रसन्न हूॅ और तुमको दर्शन देने आया हूँ।'' ग्वाले ने बंद आंखो से इशारा कर पूछा, ''आप कौन हैं।'' भोलेनाथ ने कहा कि मैं वही भगवान हूँ जिसके लिए तुम इतना कठोर तप कर रहे हो। ग्वाले ने आंखे खोली और सबसे पहले एक रस्सी लेकर आया। चूंकि उसने कभी भगवान को देखा नहीं था, इसलिए उसके सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया। उसने भगवान को पेड़ के साथ रस्सी से बांध दिया और संत को बुलाने के लिए भागकर गया। संत उसकी बातों पर यकीन करते हुए दौड़े आए लेकिन संत को कहीं पर भी भगवान नजर नहीं आए। संत ने बाल–ग्वाल से कहा, ''मुझे तो कहीं नहीं दिख रहे।'' तब ग्वाले ने भगवान से पूछा, ''प्रभु आप यदि सही में भगवान हो तो साधु महाराज को दिख क्यों नहीं रहें हो?'' तब भगवान ने कहा कि जो भक्त छल–कपटरहित सच्चे मन से मुझे याद करता है, मैं उसको दर्शन देने के लिए दौड़ा चला आता हूॅ। तुमने निश्छल मन से मेरी अराधना की, अपने प्राण दांव पर लगाए और मेरे दर्शन का दृढ़ संकल्प लिया इसलिए मुझे कैलाश से मृत्युलोक में तुमको दर्शन देने के लिए आना ही पड़ा जबकि साधु के आचरण में इन सभी बातों का अभी अभाव है। वह रोजाना के क्रियाकलाप करते है, लेकिन उनके मन में अभी भटकाव है इसलिए मैं तुमको तो दिखाई दे रहा हूँ लेकिन संत को नहीं।

सीखः– मन की निर्मलता ही ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग है।

नामः मुस्कान
कक्षाः बी.ए. प्रथम वर्ष

प्रयास करो तमाशा मत देखो

एक गांव में आग लग गई। आग बढती जा रही थी और गांव वाले अपनी जान बचाने हेतु इधर–उधर भाग रहे थे। एक चिड़िया ने यह दृश्य देखा और अपनी चोंच में पानी भरकर आग बुझाने का प्रयास करने लगी। वो बार–बार अपनी चोंच में पानी लाती और आग पर डालती। जब गांव वालों ने चिड़िया को आग पर पानी डालते देखा तो उनमें भी जोश आ गया और बोले कि अगर ये चिड़िया प्रयास कर रही है तो हम क्यों नहीं कर सकते। सबने प्रयास किया और आग बुझ गई। ये सब एक कौआ देख रहा था। उसने चिड़िया से कहा कि तेरे पानी डालने से कुछ होना तो था नहीं, फिर तू ये क्यों कर रही थी? चिड़िया बोली कि मेरे पानी डालने से कुछ हुआ या नहीं हुआ लेकिन मुझे गर्व है कि जब भी इस आग की बात होगी तो मेरी गिनती आग बुझाने वालो में की जायेगी, तेरी तरह तमाशा देखने वालो में नहीं।

नामः प्रिया
कक्षाः बी.ए. प्रथम वर्ष

हा.. हा.. हा..

संता और बंता दोनो भाई एक ही क्लास में पढ़ते थे। अध्यापिकाः तुम दोनो ने अपने पापा का नाम अलग–अलग क्यों लिखा?
संताः मैडम फिर आप कहोगे
नकल मारी है, इसलिए।

गधाः मेरा मालिक मुझे बहुत पीटता है।
कुत्ताः तुम भाग क्यों नही जाते।
गधाः मालिक की खूबसूरत लड़की जब पढ़ाई नहीं करती तो वो कहता है कि तेरी शादी गधे से कर दूंगा। बस इसी उम्मीद से टिका हूॅ।

चिटूः दूनियां में दो तरह के नेटवर्क ही सबसे तेज हैं।
पिंटूः कौन–कौन से?
चिंटूः एक ईमेल और दूसरा फीमेल। एक मिनट में इधर की बात उधर पहुंचा देती हैं।

पढ़ाई से जुड़े गानेः
School: ये गलियां ये चौबारा, यहां आना न दोबारा.....
Coaching : इधर चला, मैं उधर चला.....
Maths:- अजीब दासतां है ये कहां शुरू कहां खतम.....
Science: आ खुशी से खुदकुशी कर ले.....
Geography : मुसाफिर हूं मैं यारो, न घर है न ठिकाना.....
Economics: क्यों पैसा–पैसा करती है, तू पैसे पे क्यों मरती हैं .....
Exam: जिया धड़क–धड़क जाए.....
रिजल्ट
Pass : आज मैं ऊपर, आसमां नीचे
Fail:- जग सूना–सूना लागे ..।।

नामः रजनी
कक्षाः बी.ए. तृतीय वर्ष

मोबाइल फोनः वरदान या अभिशाप

प्राचीन काल से मानव एक–दूसरे के साथ संपर्क करने के लिए विविध माध्यमों का उपयोग करता हैं। प्राचीन समय में लोग एक–दूसरे से पत्रों द्वारा बात करते थे परंतु आधुनिक युग में सम्पर्क का सशक्त माध्यम है मोबाइल।

मोबाइल की खोज ने मानव जीवन को सरल एवं सुखमय बना दिया हैं। आज हर व्यक्ति के हाथ में फोन नजर आता है। ऐसे में यह सवाल खड़ा हो गया है कि मोबाइल हमारे लिए वरदान है या अभिशाप?

आज के गतिमान जीवन में यह सभी के लिए एक जरूरत बन गया है। इससे हम किसी भी समय अपने परिवार के संपर्क में रह सकते है। इससे हम किसी भी तरह की जानकारी एक–दूसरे के पास भेज सकते हैं। इसके जरिए शिक्षा प्राप्त करना, घर बैठे खरीदारी करना आसान हो गया है। इसके साथ ही मोबाइल फोन मनोरंजन का भी अच्छा साधन है।

जहाँ मोबाइल फोन के इतने लाभ हैं वहीं इसकी कुछ हानियां भी हैं। आजकल की युवा पीढ़ी घंटो मोबाइल पर अपना कीमती समय व्यतीत करती हैं जिससे आंखो पर गहरा असर पड़ता है। मोबाइल गेम तथा सोशल मीडिया का अधिक उपयोग करने से मानसिक तनाव उत्पन्न होता है। आज–कल के विद्यार्थी वर्ग पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है। विद्यार्थियों को जो समय अपनी पढ़ाई को देना चाहिए वे गाने सुनने अनावश्यक बाते करने चैटिगं करने में बिताते है।

मोबाइल फोन के लाभ होने के साथ–साथ कुछ हानियां भी हैं। मोबाइल फोन ने हमारे जीवन को सरल तथा समृद्ध बना दिया है। बस हमें इसका इस्तेमाल पूरे अनुशासन से करना चाहिए।

नामः कामना
कक्षाः बी.ए. प्रथम वर्ष

रूखसती एक अनकही कहानी

बहनः इतने अच्छे हो, क्या बताऊँ,
मन करता है मेरा, तुम्हें सताऊँ।।
कभी माँ का प्यार बन जाते हो,
कभी पापा का साथ और डाँट।।
दुनिया में एक ही डर है मेरा,
कोई ना दे मुझे तुमसे बांट।।
एक शिकायत भी है
कभी तो अपने दिल का हाल सुना दिया करो।
रोते–रोते मुस्करा दिया करो।।

माँः– मेरा बेटा राज–दुलारा,
चिल्लाता भी है, निभाता भी है, सताता भी है,
मेरे लिए तो मेरा जीवन है,
तो मुझे क्यों छोड़ के जाता है?

बेटाः–तेरे लिए तो रहा हूँ माँ, इसमें मेरा कोई मोल नहीं आपको दुनिया की सारी खुशियां देना चाहता हूँ। मेरा इसमें कोई झोल नहीं।

माँः– नहीं चाहिए हमें ये सारी सुख सुविधा, दौलत।
थोड़ी देर रूक जा बेटा, देदे हमें थोड़ी मोहलत।।
तेरे अन्दर क्या दिल नहीं है, बुरा नहीं लगता क्या तुझे।
कभी तो दिल का हाल सुना दिया कर।
रोते–रोते मुस्करा दिया कर।।

पिताः–बेटा मेरे पास सब है
तू बोल मैं हाजिर करूं,
और हमारे पास रहकर,
कर दे इस दुनिया की साजिश को नाकाम,
देख, चुटकियों में हो जाएंगे तेरे सारे काम।।
बेटाः–मन क्या मेरे नहीं करता, जो नहीं उठा, उसे दबा देती है दुनिया,
बस इसी चीज से हूँ डरता।।
नहीं रह सकता मैं, क्यों आप में से कोई मेरे बात नहीं समझता?
बहनः–किसको पागल बना रहे हो,
अपने अन्दर के गम को क्यों छुपा रहे हो। दुनिया के लिए हम सबको छोड़कर जा रहे हो।।
भाईः– क्यों समझ नहीं पा नहीं ये बात आप लोग,
जाना दस्तूर हैं जिंदगी में, समझ जाइए ना।
बहन– एक बार गले लगकर अपने दिल का हाल बता दो ना भाई, रोते–रोते मुस्कुरा दो ना भाई।।

नाम : अंजली
कक्षाः बी.ए. द्वितीय वर्ष

पहेलियाँ

प्र0 1. ऐसी कौन सी चीज है जो सोने की है लेकिन सुनार की दुकान पर नहीं मिलती?
उ0 तकिया और चारपाई।

प्र0 2. न काशी, न काबा धाम, बिन जिसके हो चक्का जाम। पानी जैसी चीज है वह, झट से बताओ उसका नाम?
उ0 पैट्रोल

प्र0 3. ऐसी कौन सी चीज है जो समुद्र में पैदा होती है और आपके घर में रहती है?
उ0 नमक

प्र0 4. हरी डंडी लाल कमान तोबा–तोबा करे इंसान?
उ0 लाल मिर्च

प्र0 5. छोटे से है मटकूदास, कपड़े पहने एक सौ पचास?
उ0 प्याज

प्र0 6. ऐसी कौन सी चीज है जो हमारे जागने पर ऊपर रहती है। सोते ही गिर जाती है?
उ0 आखों की पलकें

प्र0 7. प्यास लगे तो पी सकते, भूख लगे तो खा सकते है, ठंड लगे तो जला सकते है, बोलो जल्दी मेरा नाम?
उ0 नारियल

प्र0 8. वह क्या है जो हमारे आस–पास फ्री में और हॉस्पिटल में पैसो में मिलती है?
उ0 ऑक्सीजन

प्र0 9. ऐसी कौन सी चीज है, जिसे हम निगलें तो जिंदा रह पाएँ और अगर वह हमें निगले तो हम मर जाएँ?
उ0 पानी

प्र0 10. ऐसी चीज बताओ जो तुम्हारी है लेकिन उसे दूसरे इस्तेमाल करते है?
उ0 तुम्हारा नाम

प्र0 11. खुशबू है, पर फूल नहीं, जलती है, पर ईर्ष्या नहीं। बताओ क्या हूँ मै?
उ0 अगरबत्ती।

नामः शालिनी
कक्षाः– बी.ए. प्रथम वर्ष

सुविचार

1. जीवन में प्रयास सैदव कीजिए लक्ष्य मिले या अनुभव दोनो ही अमूल्य हैं।
2. किस्मत के पन्ने वही पलटता है जो दिन रात मेहनत करता है।
3 बहुत कुछ खोना पड़ता है जिंदगी में तब जाकर खुद से मुलाकात होती है।
4. सफलता की शुरूआत हमेशा असफलता से होती है।
5. यदि आप सपना देख सकते हैं तो आप उसे पूरा भी कर सकते हैं।
6. प्रसन्नता वो चन्दन हैं जिसे दूसरे के मांथे पर लगाइये तो आपकी अंगुलियाँ भी महकती हैं।
7. याद रखें खुशी दूसरो से बढ़ती तो जरूर है, लेकिन दूसरो पर निर्भर नहीं करती है।
8. सबसे खुश व्यक्ति वह है जो दूसरों की खुशी को बढ़ावा देता है।
9. पानी अगर शांत है तो गहराई से मजाक नहीं करते।
10. मंजिलें क्या है रास्ता क्या है?
    हौसला हो तो फासला क्या है?
11. कामयाब इंसान खुश रहे न रहे लेकिन खुश रहने वाला इंसान जरूर कामयाब होता हैं।
12. प्रसन्नता एक ऐसा खजाना है, जो बांटने से बढ़ता है।
13. खुश रहना ही एकमात्र खुशी नहीं है।
14. .अपने जीवन से संतुष्ट रहे क्योंकि संतुष्टि में खुशी शामिल हैं।

नामः रिया
कक्षाः– बी.ए. द्वितीय वर्ष

SPORTS MEET

ANNUAL ATHLETIC MEET

Clubs & Departmental Activities

Commerce Section

Staff Editor
Ms. Nandini

Student Editor
Kajal

INDEX

Sr. No.	Topic	Name	Page No.
1.	Editorial	Ms. Nandini	20
2.	College Life	Mahak	21
3.	Your Best!	Soniya	21
4.	Smile	Urrvashi	21
5.	My First Day at College	Shruti Rana	21
6.	Treshers	Riya	21
7.	कॉलेज का पहला दिन	आरती	22
8.	Education and Career	Pinki Yadav	22
9.	Krishna	Shrishti Raj	22
10.	तुम काफी हो	मुस्कान	22
11.	Dream of Blue	Mehak	23
12.	A Smile	Jiya	23
13.	Thoughts	Simran	23
14.	हार	पलक ठाकुर	23
15.	Clean India Green India	Payal	24
16.	टाजादी	लज्जा	24
17.	Life is like a Camera	Salani	24
18.	When You See an Opportunity	Mehak Sharma	24
19.	संकल्प	आंचल	25
20.	Tell Yourself	Ranjit Kaur	25
21.	किताबों में ही है असली ज्ञान	शिखा	25
22.	बढ़े चलो	यशी जहाँगीर	25

Editorial

Financial literacy is the ability to understand and effectively use various financial skills, including personal finance management, budgeting and investing. It enables the Individuals to make informed decision about their personal finances. The fire principles - Earn, spend, save & invest, borrow protect are the building blocks of financial literary. These are also known as My money fire. Achieving financial literacy is crucial in today's society due to everyday facets of life, such as student loans, mortgages, credit cards, investments and health insurance. An individual can use some tools to increase financial literacy like Money smart, Moneywise, E**co**nedlink etc. Making steps to becoming financially literate is an important component of life that can ensure financial solidity, reduce anxiety and stimulate the achievement of financial goals.

Nandini
Extension Lecturer
Department of Commerce

College Life

In the halls of academia,
Where Knowledge is sought,
Where minds are molded
And dreams are wrought.
College a time of treansition,
Where we find our place,
Where we explore our passions,
And set our own pace,
A time of friendships forged,
And memories made,
Of late- night study sessions,
And exams we've aced.
College, a time of growth,
both intellectual and personal,
Where we learn to think critically,
And become more well- rounded.
A time of challenges and triumphs,
of failures and successes,
Where we learn to persevere,
And never give up on our dreams.
College, a time to prepare for the future
To find our calling,
To make a difference in the world,
And leave our mark.
So let's embrace this time,
And make the most of it,
For college is a journey,
That we'll never forget.

Name : Mehak
Class BBA I

Your Best!

If you always try your best
Then you'll never have to wonder
About what you could have done
If you would summoned all your thunder
And if you best
was not as good
As you hoped it would be,
You still could say,
"I gave today
All that I had in me."

Name: Soniya
Class: BBA I

Smile

Smile when you are happy,
Smile when you are sad,
Smile when you are hurt,
Smile when you feel bad
Smile when you are in love
Smile when you have nothing to do
Before you smile make sure you Brush!!

Name: Urrvashi
Class: BBA I

My First Day at College

I still remember that day,
I was happy as well as nervous,
experiencing the place & meeting new friends. College to me was cheerful,
Maths, account, Business were fearful,
As is stepped into my class,
I thought I was the greatest fool.
Then I made myself relaxed,
Introduced myself to them all,
Though I was shy infront of girls,
Somehow I managed them all.
And now in came our miss,
Having a smile on her lips,
She then asked our names,
We told our name one by one
She looked extremely happy.
And gave us a big applause,
I was a happy little one,
I still remember that day.

Name: Shruti Rana
Class: BBA I

Treshers

The Era of academic uniformity came to end launching you to another trajectorey of Individuality with new expectation in reality. Another life will be started in your humanity. The obstacles your faced were a festinormy. For the job you did with your destiny. Today you must echo the reality that you will be victimized for the life you will choose to live.

Name: Riya
Class: BBA 1st Year

कॉलेज का पहला दिन

कॉलेज का वो पहला दिन था।
एक एहसास था नया नया
कुछ जाने पहचाने लोग थे
और थे कुछ अनजाने चेहरे
थे हम बिल्कुल बिदांस
अपने दोस्तो के साथ
लिए कुछ ख्वाहिशे दिल की
बिना परवाह किए कल की
दोस्तो यही तो एक वक्त है
यादे बनाने का
और एक वक्त वो होगा
आप सबसे बिछड़ जाने का
ढेर सारी यादें और कितने खूबसूरत सपने
जो कभी थे पराये यहां हो गए सब अपने
इन सारी यादों को समेटे जा रही हूँ मै
कॉलेज की हर एक बात को
दिल में बसा रही हूँ मैं।

नाम : आरती
कक्षा : बी.बी.ए. प्रथम वर्ष

Education and Career

It is quite true that career building is not the aim of education. For most of the people education is for securing a lucrative career. However, the broader meaning of education includes many other things as well. In its highest sense, education is emancipation from ignorance. So the true goal of education is not to equip self with all the basic knowledge, skills and training to do well in life financially, but also to prepare oneself to successfully deal with physical, social emotional and spiritual challenges.

Limiting education as a means to securing employment is an understatement. Looking at education with this parochial perspective will mean undervaluing the vast scope of education. Education is for enrichment of the self, grooming of the personality, having the creative talents talent in all human beings.

Name: Pinki Yadav
Class: BBA I

Krishna

You are born on janmanshtami
It is prime day for me,
All the time you played your flute,
You are very naughty and cute,
Balram is your elder brother
Maa Yashado is your strict Mother.
Butter is your delicious food,
A food, which refreshes your mood,
O'Lord, you have lotus feet,
At vrindavan, all the gopies run to meet.
Ras Leela is your bellied dance.
You have many fans!!
My favorite food is at Jagannath Puri
And it is Enduri for Prothamashtomi
!!!! Narayano Hari Narayana!!!!
Radhe Radhe……

Name Shrishti Raj
Class: BBA I

तुम काफी हो

तेरी मेरी ऐसी जुड़ गई कहानी
जुड़ जाता जैसे दो नदियों का पानी
मुझे आगे तेरे साथ बहना है
जाना तुमने तो है ये बात जानी
कि ये जिन्दगी कैसे बनती सुहानी
मुझे हर पल तेरे साथ रहना है
तुम कुछ अधूरे से हम भी कुछ आधे
आधा आधा हम जो दोनो मिला दे
तो बन जाएगी अपनी एक जिंदगानी
ये दुनिया मिले या ना मिले हमको
खुशियाँ भगा देगी हर गम को
तुम साथ हो फिर क्या बाकी हो
मेरे लिए तुम काफी हो
